राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय/खेल समाचार

अजीत समाचार

शुक्रवार, 14 नवम्बर, 2025

अंतिम पृष्ठ






# भारत-दक्षिण अफ्रीका के बीच रोमांचक टैस्ट के लिए तैयार ईडन गार्डन



कोलकाता के ईडन गार्डन में भारतीय टीम के हैड कोच गौतम गंभीर अक्षर पटेल के साथ अभ्यास सत्र के दौरान।

कोलकाता, 13 नवम्बर (वार्ता): ईडन गार्डन्स में दो मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट मैच में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच रोमांचक मुकाबला होने वाला है। भारत प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत कर रहा है, लेकिन प्रोटियाज को नज़रअंदाज मत कीजिए-उनके पास मैच में हलचल मचाने की क्षमता है। शुभमन गिल शांत और प्रभावशाली तरीके से मेजबान टीम की अगुवाई कर रहे हैं, लेकिन इसमें कोई शक नहीं कि यह भारतीय बल्लेबाजी क्रम जबरदस्त है। केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल नई गेंद का सामना कर सकते हैं, जबकि मध्यक्रम-ऋषभ पंत, ध्रुव जुरेल, और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल-गहराई, लचीलापन और अप्रत्याशितता का तड़का लगाते हैं। और याद रखें, ईडन की यह पिच सिर्फ़ ताकत ही नहीं, बल्कि कौशल को भी पुरस्कृत करती है। गेंदबाज़ी विभाग घातक है। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज अपनी तेजी और उछाल से पारी की शुरुआत कर सकते हैं जिसका कोई भी बल्लेबाज सम्मान करेगा, जबकि कुलदीप यादव, जडेजा और सुंदर विकेट के टर्न लेते ही अपनी स्पिन का जादू बिखेरेंगे।

# कनाडा में पंजाबी महिला खिलाड़ी को मिला 'प्लेयर ऑफ द ईयर' सम्मान



जया रामपुरी

एबट्सफोर्ड, 13 नवम्बर (गुरदीप सिंह ग्रेवाल): कनाडा में 700 गोल्फ खिलाड़ी की प्रतिनिधि संस्था प्रोफैशनल गोल्फर्ज़ एसोसिएशन ऑफ ब्रिटिश कोलम्बिया द्वारा कुकिटलम निवासी प्रसिद्ध पंजाबी महिला गोल्फ खिलाड़ी जया रामपुरी का 'प्लेयर ऑफ द ईयर' 2025 अवार्ड से सम्मान किया गया है। इस वर्ष का यह सम्मान प्राप्त करने वाली वह एक मात्र पंजाबी खिलाड़ी हैं। ज़िला लुधियाा के दोराहा के नज़दीक गांव रामपुर के पंजाबी साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता व शिरोमणि कवि स्व. गुरचरन रामपुरी की होनहार पोत्री जया रामपुरी ने 14 वर्ष की आयु में गोलफ खेलनी शुरू की थी और वह कई राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय गोल्फ टूर्नामैंट जीत चुकी है। वैंकूवर की साइमन फ्रेज़र यूनिवर्सिटी से कम्यूनिकेशंज़ की डिग्री प्राप्त जया रामपुरी वुमैनज़ गोलफ टीम की कैप्टन भी रही है।

# 58 वर्ष की हुई जूही चावला



मुंबई, 13 नवम्बर (वार्ता): बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री जूही चावला आज 58 वर्ष की हो गईं। जूही चावला का जन्म 13 नवम्बर, 1967 को हुआ था। उनके पिता एस.चावला एक डॉक्टर थे। जूही चावला ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा लुधियाना से पूरी की। इसके बाद उन्होंने आगे की पढ़ाई मुंबई के सिद्धेनम कॉलेज से पूरी की। वर्ष 1984 में वह मिस इंडिया चुनी गई। इसके बाद उन्हें मिस यूनीवर्स प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का मौका मिला। इस प्रतियोगिता में उन्हें सर्वश्रेष्ठ वेश-भूषा के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस बीच उन्हें कई विज्ञापन फिल्मों में मॉडलिंग का काम करने का अवसर मिला।











# ट्विंकल खन्ना ने 'मिसेज फनीबोन्स' के सीक्वल का किया ऐलान

मुंबई, 13 नवम्बर (वार्ता): बॉलीवुड अभिनेत्री ट्विंकल खन्ना ने अपनी मशहूर किताब 'मिसेज फनीबोन्स' के सीक्वल का ऐलान किया है। ट्विंकल खन्ना कई रोल निभाती हैं वो एक कॉलमनिस्ट हैं, लेखिका हैं, ऑथर हैं, होस्ट हैं, और सबसे बढ़कर 'मिसेज फनीबोन्स' हैं! ट्विंकल ने अपनी मशहूर किताब 'मिसेज फनीबोन्स' के सीक्वल 'मिसेज फनीबोन्स रिर्टन्स' की घोषणा की है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर किताब की एक तस्वीर शेयर करते हुए लिखा हर बुक टूर में मुझसे यही पूछा गया कि 'मिसेज फनीबोन्स का सीक्वल कब आएगा। तो लीजिए, आखिरकार आ गया! दस साल, औरतों की ज़िंदगी, राजनीति, गॉडमैन, न्यूज़, खोना, गम, उम्र और हंसी पर लिखते हुए बीत गए। एक दशक जिसमें मैंने देखा कि भारत औरतों को कैसे देखता है और मैं भारत को कैसे देखती हूं।



नादिया (पश्चिम बंगाल) में खेत किनारे पानी में मूली से मिट्टी हटाती हुईं महिलाएं।

# श्रीलंका ने वर्ष 2025 में 328 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

कोलंबो, 13 नवम्बर (वार्ता): श्रीलंकाई नौसेना ने 2025 में अपने जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में अब तक 328 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है। जानकारी श्रीलंका के एक उप-मंत्री ने गुरुवार को दी। श्रीलंका के मत्स्य पालन, जलीय एवं महासागर संसाधन उप मंत्री रत्ना गामेज ने संवाददाताओं से कहा कि नौसेना ने मछुआरों द्वारा उपयोग किए गए 41 मछली पकड़ने वाले नावों को भी ज़ब्त किया है।

# एशियाई तीरंदाजी : भारतीय महिला और मिश्रित टीम को स्वर्ण, पुरुषों को रजत

ढाका, 13 नवम्बर (भाषा): भारत के कंपाउंड तीरंदाजों ने एशियाई चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए बृहस्पतिवार को दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीते। ज्योति सुरेखा वेन्नम, दीपशिखा और प्रितिका प्रदीप ने महिला टीम वर्ग में कोरिया को फाइनल में 236-234 से हराया। तीनों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कोरिया की पार्क येरिन, ओ यूहयून और जुंगियून पार्क को मात दी। कंपाउंड मिश्रित टीम फाइनल में अभिषेक वर्मा और दीपशिखा ने बांग्लादेश को 153-151 से हराकर स्वर्ण जीता। कंपाउंड पुरूष टीम फाइनल में भारत को कजाखस्तान ने 230-229 से मात दी। भारतीय टीम में अभिषेक वर्मा, साहिल राजेश जाधव और प्रथमेश फुगे थे जबकि कजाखस्तान टीम में दिलमुखामेत मुसा, बुनियोद मिर्जामेतोव और आंद्रेइ युतयुन शामिल थे।

# दोनों मैच ड्रॉ होने के बाद अर्जुन, प्रज्ञानंदा और हरिकृष्ण चौथे दौर में टाईब्रेक में पहुंचे

पणजी, 13 नवम्बर (वार्ता): यहां जारी फिडे विश्व कप 2025 के चौथे दौर में बुधवार को ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी और ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानंधा ने दमदार तौर पर ड्रॉ खेले, जबकि पी. हरिकृष्णा ने मुश्किल स्थिति में फंसकर मैच टाईब्रेक तक पहुंचाया। अर्जुन ने सफेद मोहरों से खेलते हुए हंगरी के अनुभवी ग्रैंडमास्टर पीटर लेको के खिलाफ 36 चालों के बाद ड्रॉ खेला, जबकि प्रज्ञानंधा ने ग्रैंडमास्टर डेनियल डुबोव के खिलाफ 30 चालों के बाद अंक बांटे, जबकि हरिकृष्णा ने भी 38 चालों के बाद ड्रॉ खेला। मंगलवार को काले मोहरों से जीत हासिल करने वाले ग्रैंडमास्टर जोस एडुआर्डो मार्टिनेज अल्कांतारा, तीन बार दोहराए गए मैच के बाद ग्रैंडमास्टर एलेक्सी सराना के खिलाफ 20 चालों में ड्रॉ खेलने के बाद अंतिम-16 दौर में पहुंचने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। अब उनका सामना ग्रैंडमास्टर पी. हरिकृष्णा और स्वीडन के ग्रैंडमास्टर निल्स ग्रैंडेलियस के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

# न्यूज़ीलैंड ने वैस्टइंडीज को 8 विकेट से हराया और सीरीज भी जीती

डुनेडिन, 13 नवम्बर (वार्ता): जैकब डफी (चार विकेट) के बाद डेवोन कॉनवे (नाबाद 47) और टिम रॉबिन्सन (45) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने पांचवें टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को आठ विकेट से हराया और पांच मैचों की सीरीज में 3-1 से अपने नाम कर ली। जैकब डफी को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच तथा 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' से नवाज़ा गया। न्यज़ीलैंड ने आज टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम को जैकब डफी की अगुवाई में न्यूज़ीलैंड के गेंदबाजों ने 18.4 ओवर में 140 के स्कोर पर ढ़ेर कर दिया। वेस्टइंडीज की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 2.5 ओवर में 21 के स्कोर पर अपने चार विकेट गंवा दिए। रोस्टन चेज ने वेस्टइंडीज के लिए 32 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए सर्वाधिक 38 रन बनाए।


